राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने 'गणतंत्र दिवस' के सुअवसर पर बिहारवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 25 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'गणतंत्र दिवस' की पूर्व संध्या पर बिहारवासियों व समस्त देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने '71वें गणतंत्र दिवस' के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए कहा है कि भारत एक गौरवशाली सम्प्रभुतासम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में सतत प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान के माध्यम से हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता, स्वतंत्रता और न्याय के अधिकार प्राप्त हैं, जिनकी बदौलत राष्ट्रीय एकता, अखंडता, शांति और सामाजिक सद्भावना सुदृढ़ हुई है। महामहिम राज्यपाल श्री चौहान ने 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर स्वतंत्रता–संग्राम के सेनानियों और अमर शहीदों का भी सादर स्मरण किया है।

राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि बिहार बंधुत्व, प्रेम और पारस्परिक सहयोग के वातावरण में न्यायपूर्ण विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ता रहेगा।

....